राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004

फोन नं. 2708824, PBX No. 2711070 Ext No. - 2163 (for Professional)

Web site- www. uniraj. ac. in, Email. <examcontrolleruor@gmail.com>

क्रमांक– परीक्षा 5–अ/2026/1481 दिनांक: 27/6/26

अत्यावश्यक

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
संबंधित सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषयः– शिक्षा संकाय सेमेस्टर पाठ्यक्रमों में नियमित प्रवेशित छात्र/छात्राओं की उपस्थिति विश्वविद्यालय अध्यादेश एवं पाठ्यक्रम के अनुसार सुनिश्चित किये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय अधिनियम, 144 तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार विश्वविद्यालय परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु नियमित छात्र/छात्राओं द्वारा संबंधित पाठ्यक्रमों में नियमित रूप से अध्ययनरत रहते हुए निर्धारित न्यूनतम (बी.एड. सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की स्थिति में अध्यादेश 323 के अनुसार 80% for all course work & practicum, and 90% for school internship) उपस्थिति पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।

नियमानुसार उपस्थिति एवं आंतरिक परीक्षा की योग्यता को सुनिश्चित करना महाविद्यालय का दायित्व है। अतः आपके महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन अग्रेषित किये गये परीक्षा आवेदन पत्रों को योग्यता का आधार मानते हुए ही विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये जा रहे हैं। योग्य परीक्षार्थियों के संबंध में विश्वविद्यालय को अन्य कोई जानकारी देनी हो तो तत्काल कार्यालय को सूचित करें। साथ ही कृपया समस्त छात्र/छात्राओं का उपस्थिति एवं आंतरिक मूल्यांकन का रिकार्ड पूर्णतया संधारित किये जाने का श्रम करें ताकि विवाद की स्थिति में संबंधित उपस्थिति रिकार्डस् का नियमान्तर्गत विश्लेषण करते हुए तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

24/6/26
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)